## अटैचमेंट के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर क्यों मांग रहा था रिश्वत?

**50 हजार**

# भ्रष्टाचार के गढ़ में लोकायुक्त का छापा, क्या कम्प्यूटर ऑपरेटर सिर्फ मोहरा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाड़ा

सरकारी दफ्तरों में फैला भ्रष्टाचार एक बार फिर बेनकाब हुआ है। इस बार लोकायुक्त की कार्रवाई ने न केवल एक कंप्यूटर ऑपरेटर को कटघरे में खड़ा किया है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह नहीं है कि 50 हजार रुपए की रिश्वत ली गई, सवाल यह है कि क्या इतनी बड़ी रकम एक मामूली कंप्यूटर ऑपरेटर अपने दम पर मांग सकता है? मामला रोहनकला में पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर पुष्पा बरकड़े से जुड़ा है, जो किडनी की गंभीर बीमारी और दिव्यांगता से जूझ रही हैं। इलाज और सुविधा को देखते हुए उन्होंने सीएमएचओ कार्यालय में अटैचमेंट के लिए आवेदन किया था। जनसुनवाई में खुद कलेक्टर ने उनकी स्थिति को गंभीर मानते हुए सीएमएचओ को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि उन्हें कार्यालय में अटैच किया जाए। लेकिन कलेक्टर के आदेश भी भ्रष्ट सिस्टम के आगे बौने साबित हुए।जब पुष्पा आदेश लेकर सीएमएचओ कार्यालय पहुंचीं, तो वहां पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर जीतेंद्र यदुवंशी ने अटैचमेंट के बदले 50 हजार रुपए की मांग कर डाली। पीड़िता के मुताबिक, जब उन्होंने कहा कि उनके पास कलेक्टर का आदेश है, तो ऑपरेटर ने साफ कह दिया "साहब को पूरे पैसे चाहिए, कम में काम नहीं होगा।"यहां सबसे बड़ा सवाल उठता है किस साहब को पैसे चाहिए थे?

**क्या कंप्यूटर ऑपरेटर के कार्यक्षेत्र में अटैचमेंट करना आता है? या फिर वह सिर्फ ऊपर बैठे अधिकारियों का संदेशवाहक था?**

पुष्पा ने 20 हजार रुपए देने की बात कही, लेकिन आरोपी 50 हजार से कम पर राजी नहीं हुआ। मजबूरी में उन्होंने 22 जनवरी को जबलपुर लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया और गुरुवार को 50 हजार रुपए लेते हुए जीतेंद्र यदुवंशी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

एक बीमार और दिव्यांग महिला से रिश्वत मांगना सिर्फ अपराध है ही बल्कि की संवेदनहीनता का मामला है। अगर मामले में सिर्फ नीचे के कर्मचारी को सजा मिली और ऊपर के बैठे जिम्मेदार बच निकले तो यह कार्यवाही तमाशा कहलाएगी। लोकायुक्त के लिए यह अग्नि परीक्षा है या तो यह तो पूरे भ्रष्ट तंत्र की जड़ तक पहुंचे या फिर जनता यह मानने को मजबूर हो जाए कि भ्रष्टाचार के गढ़ में सिर्फ मोहरे पकड़े जाते है, खिलाड़ी नहीं। सबसे शर्मनाक बात यह है कि यह पूरा खेल एक दिव्यांग मजबूर महिला के साथ खेला गया। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं निर्ममता, संवेदनहीनता और सत्ता के नशे का सबूत है।



आरोपित
जितेन्द्र यदुवंशी



आवेदिका
पुष्पा बरकड़े

लोकायुक्त की यह कार्रवाई जितनी अहम है, उतनी ही अधूरी भी लगती है। क्योंकि सवाल अब सिर्फ एक कर्मचारी की गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की सफाई का है। स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट और पोस्टिंग को लेकर लंबे समय से लेन-देन की चर्चाएं रही हैं। अब जब एक मामला खुलकर सामने आया है, तो स्वाभाविक है कि अन्य मामलों की भी परतें खुलें। कर्मचारियों के बीच यह चर्चा तेज है कि अगर लोकायुक्त निष्पक्ष जांच करे, तो कई "सफेदपोश" चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। लेकिन डर इस बात का है कि कहीं यह मामला भी फाइलों में दबाकर सिर्फ एक कंप्यूटर ऑपरेटर को बलि का बकरा न बना दिया जाए। अब निगाहें लोकायुक्त पर टिकी हैं क्या जांच सिर्फ आरोपी तक सीमित रहेगी? या यह पता लगाया जाएगा कि रिश्वत किसके इशारे पर मांगी गई? क्या सीएमएचओ कार्यालय में हुए अन्य अटैचमेंट और पोस्टिंग की भी जांच होगी? एक बीमार और दिव्यांग महिला से रिश्वत मांगना सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि सिस्टम की संवेदनहीनता का आईना है। अगर इस मामले में सिर्फ नीचे के कर्मचारी को सजा मिली और ऊपर बैठे जिम्मेदार बच निकले, तो यह कार्रवाई नहीं, तमाशा कहलाएगी। लोकायुक्त के लिए यह अग्निपरीक्षा है या तो वह पूरे भ्रष्ट तंत्र की जड़ तक पहुंचे, या फिर जनता यह मानने को मजबूर हो जाए कि भ्रष्टाचार के गढ़ में सिर्फ मोहरे पकड़े जाते हैं, खिलाड़ी नहीं।



20-25 वर्षों से जमे बाबुओं की दम से चल रहा है कारोबार

बाबूओं के हवाले है सीएचएमओ कार्यालय

खबर एक



छिंदवाड़ा स्वास्थ्य विभाग में सर्विस बुक घोटाला

खबर दो

**हरिभूमि ने पहले ही इस खबर को पिछले माह ही प्रकाशित किया था और संदेह व्यक्त किया था कि जो आज सत्य साबित हुआ।**

## अटैचमेंट, पोस्टिंग में आर्थिक लेन देन

स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट और पोस्टिंग को लेकर वर्षों से "रेट लिस्ट" की चर्चा होती रही है। यह पहली बार नहीं है, जब रिश्वत का मामला सामने आया हो। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार पीड़िता चुप नहीं रही।कर्मचारियों में भी अब फुसफुसाहट नहीं, खुली चर्चा है अगर लोकायुक्त ईमानदारी से जांच करे, तो एक नहीं, कई चेहरे बेनकाब होंगे। लेकिन डर यह है कि कहीं यह केस भी "कंप्यूटर ऑपरेटर बनाम कानून" बनाकर फाइल बंद न कर दी जाए।

## मल्टी टास्किंग वर्कर की भर्ती के लिए बीएमओ को मिला था टास्क, सीएमएचओ को चाहिए थे पचास हजार बाकी के नीचे बंटेंगे

जिले में इन दिनों स्वास्थ्य विभाग में मल्टी टास्टिंग की भर्ती का मामला सुखियों में है जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना परीक्षा, इंटरव्यू ओर विज्ञापन के गोपनीय तरीके से भर्ती कर दी गई ओर नियुक्ति भी दे दी गई। भर्ती वर्करों की नियुक्ति को इसी माह 90 दिन भी पूर्ण होने वाले है। ऐसे में सूत्रों से खबर है कि मल्टी टास्क भर्ती के लिए प्रत्येक बीएमओ को टास्क दिया गया था और निर्देशित किया गया था जिसमें प्रत्येक भर्ती पर सीएमएचओ को पचास हजार रूपए देने थे। हर बीएमओ ने भर्ती के लिए 70 हजार से लेकर एक लाख रूपए तक की उगाही की है। इसका मामला जिला पंचायत में भी सुर्खियों में रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार ने इसकी शिकायत भी की है जिसकी जांच अभी चल रही है। ऐसे में रिश्वत खोरी का यह मामला सामने आने पर बिना विज्ञापन के गोपनीय तरीके से की गई भर्ती में हुई रिश्वतखोरी पर मोहर लग गई है। सूत्रों से जानकारी है कि विभाग में हर कार्य के लिए विभागीय बाबू निर्धारित है और सीएमएचओ के लिए कार्य करते हुए स्वयं भी आर्थिक लाभ प्राप्त करते है। विभाग में भ्रष्टाचार का माहौल ऐसा है कि कोई भी कर्मचारी रिटायर होने के बाद जब क्लेम ओर पेंशन के लिए जाता है तो बिना दान दक्षिणा के कोई भी फाइल आगे नहीं बढ़ती। सेवा में रहते हुए और सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्मचारी सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों से आर्थिक लाभ प्राप्त करते है और नहीं देने पर फाइलें आगे नहीं बढ़ पाती है।

# सीएम हेल्पलाइन की 75 नॉट अटैंडेट शिकायतों पर कलेक्टर ने जताई नाराज़गी, अधिकारियों का कटेगा वेतन

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को अटेंड न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने जनवरी माह में विभिन्न विभागों की 75 शिकायतें नॉट अटेंड पाए जाने पर उन सभी अधिकारियों को एस.सी.एन जारी करने और एक - एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इन अधिकारियों द्वारा आगे यही गलती ना दोहराई जाए, इसके लिए प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी सीएम हेल्पलाइन प्रभारी को दिए है। साथ ही समय सीमा बाह्य प्रकरणों के लिए भी जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की और शीघ्र निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री निवास, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से संबंधित लंबित मामलों की भी गहन समीक्षा की।

कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी शिकायतों को प्रतिदिन देखें और उनका पूरी गंभीरता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं। अगले माह में सभी विभागों को ग्रेडिंग 80 प्रतिशत से ऊपर रहनी चाहिए।

समय सीमा प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा - समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि एनएचएआई के अधिकारी छिंदवाड़ा - सिवनी हाईवे के गड्ढों की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूरा कराएं। हर्रई बाईपास पर रोड में पार्क बड़े वाहनों पर परिवहन विभाग के साथ मिलकर चालानी कार्यवाही जारी रखें। एसडीएम छिंदवाड़ा के साथ मिलकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पास की शासकीय भूमि का अवलोकन कर एनएचएआई के कार्यालय निर्माण के लिए उपयुक्तता अनुसार भूमि का चयन करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रीसेल वाहनों पर टैक्स संबंधी शासन के नियम प्रस्तुत करें।

कलेक्टर श्री नारायन ने उप संचालक उद्यान को निर्देश दिए कि पीएमएफएमई योजना में प्रगति संतोषजनक नहीं है, जबकि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। उन्होंने अपेक्षित प्रगति के लिए जिले के सभी बैंकर्स की हर सप्ताह बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी में नियुक्ति के प्रकरणों में स्पष्ट कहा कि नियुक्ति के किसी भी प्रकरण में सीडीपीओ की लापरवाही पर कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाए। आगे से कोई लापरवाही या कमी सामने आने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### पेयजल समस्याओं का तत्परता से करें निराकरण

कलेक्टर श्री नारायन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और सभी जनपद सीईओ व सीएमओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी रखें और पेयजल समस्या संज्ञान में आते ही तत्परता से निराकरण कराएं। कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे क्षेत्र की अपडेट स्थिति की जानकारी प्रतिदिन ली जाए। उन्होंने मरजातपुर और सिंगारदीप की पेयजल समस्या की सूचना विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में भी लाने पर सहायक यंत्री पी.एच.ई चौरई और संबंधित सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यपालन यंत्री को स्वयं मौका स्थल पर जाकर वास्तविक समस्या का पता करने और निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध उत्खनन,परिवहन पर माइनिंग और राजस्व का अमला रखे पूरी नजर

कलेक्टर श्री नारायन ने अवैध उत्खनन और परिवहन पर खनिज और राजस्व के अधिकारियों को पूरी नजर रखने और नियमानुसार सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो संवेदनशील क्षेत्र हैं, उनका चिन्हांकन कर वहां लगातार गश्त कराई जाए। इस संबंध में बेहतर समन्वय और प्रभावी कार्यवाही के लिए उन्होंने राजस्व विभाग की आगामी बैठक में माइनिंग के भी पूरे अमले को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

**अन्य दिशा-निर्देश** - बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने सभी तहसीलदारों को बीते 05 वर्षों में हुए सर्प दंश प्रकरणों की जानकारी शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह जानकारी विश्लेषण एवं पॉलिसी बनाने के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति संस्थान को भेजी जानी है। कलेक्टर श्री नारायन ने खाद्य पदार्थों के सेवन से आमजन के स्वास्थ्य खराब होने की घटनाओं के लिए सीएमएचओ पर नाराजगी जताई।

# अधिकारियों ने निरीक्षण में फायर नियमों का पाया उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जिला अग्निशमन अधिकारी अभिषेक दुबे द्वारा आज दिनांक सोमवार को अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमों के उल्लंघन के मामलों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साईं हॉस्पिटल में फायर सिस्टम बंद पाया गया। इसके अतिरिक्त वेलकम डेकोर अभिवादन, नैवेद्यम रेस्टोरेंट एवं गुप्ता हाईट संस्थानों का भी निरीक्षण किया गया। सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को 3 से 7 दिवस के भीतर फायर NOC एवं फायर सिस्टम अपडेट कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आनंद नगर से 57 वर्षीय बुजुर्ग लापता, तलाश कर रही पुलिस



**छिंदवाड़ा।** शहर के देहात थाना अंतर्गत आनंद नगर, वार्ड नंबर 47 (वृद्ध आश्रम के पीछे) से एक 57 वर्षीय व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पिछले एक महीने से घर के मुखिया के घर न लौटने से परिजन बेहद परेशान हैं और अनहोनी की आशंका से घबराए हुए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेतू कनोजे (पिता स्व. टेकराम कनोजे) 2 जनवरी की सुबह करीब 8:00 बजे घर से बिना बताए कहीं निकल गए थे। देर रात तक जब वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उनकी पत्नी उर्मिला कनोजे ने देहात थाना छिंदवाड़ा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।हुलिया और पहचान:पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, महेतू कनोजे का कद लगभग 5 फीट 6 इंच है और रंग गेहुंआ है। घर से निकलते समय उन्होंने काले रंग की जैकेट और स्काई ब्लू (आसमानी) रंग का लोअर पहना हुआ था। उनकी मानसिक स्थिति सामान्य बताई गई है।

# बानाबाकोड़ा क्षेत्र में तेंदुए ने किया गाय का शिकार

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल, वनविभाग की टीम ने किया घटनास्थल का मुआयना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर

पिपलानारायणवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बानाबकोड़ा में बीती रात तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय किसान अरुण गायकवाड़ के खेत में बंधे गोवंश पर तेंदुए ने हमला कर उसे अपना निवाला बना लिया।

किसान अरुण गायकवाड़ ने बताया कि जब वे सुबह अपने खेत पहुंचे, तो दृश्य डरावना था। कोठे (पशुशाला) में बंधी गाय वहां से लगभग 35 फीट दूर मृत अवस्था में पड़ी मिली। तेंदुए का हमला इतना हिंसक था कि गाय का शरीर क्षत-विक्षत हो चुका था और उसकी अंतड़ियां बाहर निकल आई थीं।खेत के निरीक्षण के दौरान कोठे से लेकर आसपास के कई हिस्सों में तेंदुए के पद-चिह्न (पगमार्क) स्पष्ट रूप से दिखाई दिए हैं, जिससे क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई है।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और तेंदुए के पद-चिह्नों के वन विभाग एसडीओ प्रमोद चोपड़े ने बताया बानाबकोड़ा और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किये गए है। किसान ग्रामीण रात के समय खेतों में अकेले जाने से बचें,खेतों में बने मकानों या झोपड़ियों में रहने वाले लोग विशेष सावधानी बरतें,यदि बाहर निकलना अनिवार्य हो, तो शोर करते हुए या समूह में निकलें।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द से जल्द पिंजरा लगाया जाए ताकि जनहानि को रोका जा सके। फिलहाल तेंदुए के द्वारा की गई घटना के बाद में ग्रामीणों में भय बना हुआ है रात्रि के समय में खेतों में जाने से किसान और ग्रामीण डर रहे हैं।

### मेला व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को दिए व्यवस्था बनाने के निर्देश

# ओवरलोड रेत लेकर जा रहे ट्रैक्टर शिवरात्रि मेले में दुर्घटना का कारण न बन जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



जुन्नारदेव जनपद के भूरा भगत भवन में लगने वाले शिवरात्रि मेले के लिए कलेक्टर ने मेला स्थल पर पुलिस अधीक्षक के साथ मेला व्यवस्था की समीक्षा बैठक मै मेला स्थल पर ही सभी अधिकारियों को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित विभागों को व्यवस्था करने निर्देश दिए।

वहीं पुलिस अधीक्षक ने महाराष्ट्र एवं विदर्भ से लाखों की संख्या में आने वाले भक्त जो निजी वाहनों से आते हैं। इन वाहनों की संख्या हजारों में होती है। यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे किसी भी प्रकार की मेले में होने वाली दुर्घटना रोकने दिशा निर्देश पुलिस एवं यातायात पुलिस को दिए हैं, लेकिन इस मेला काल में देलाखारी चौकी क्षेत्र से चोरी की रेत ला रहे। ओवरलोड ट्रैक्टर जो अवैध रेत तो लाते ही हैं साथ ही ट्रैक्टर ट्राली के ऊपर तक खुले रूप से ओवर लोड भरकर भी ले जाते हैं। इस कारण इन ओवरलोड ट्रैक्टरों से उड़ने वाली रेत उड़ती है, वह दुर्घटना का कारण मेले के दौरान भी बन सकती है। ऐसी स्थिति मेल काल में ना हो इसकी रोकथाम के लिए पुलिस एवं यातायात विभाग को मेला काल में इन पर नियंत्रण करना होगा जिससे इन ट्रैक्टरों से उड़ने वाली रेत से कोई भी वाहन दुर्घटनाग्रस्त ना हो और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ कोई अप्रिय घटना ना घट सके।

इसके लिए पुलिस को इन पर मेला काल में रोक लगाने के साथ-साथ जो रेत के ओवरलोड ट्रैक्टर निकल रहे हैं। इन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जावे क्योंकि चोरी की रेत ले जा रहे ट्रैक्टर कमर्शियल व्हीकल नहीं है। खेती में उपयोग में आने वाले ये ट्रैक्टर प्रशासन की मिली भगत से रेत की चोरी में लिप्त हैं। लेकिन मेला काल में कम से कम इन पर रोक समय रहते नहीं लगाई गई तो मेले के दौरान किसी बड़ी दुर्घटना उड़ने वाली ईस रेत से घट जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

अब देखना यह की प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में चल रहे इन ट्रैक्टरों पर कार्यवाही होगी या पूर्व की तरह मिली छूट के कही शिवरात्रि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दुर्घटना का कारण ना बने सके। इस पर पुलिस एवं यातायात विभाग को गंभीरता से गौर करना होगा।

## पांढुर्णा में जेसीबी गरजी, अवैध प्लॉटिंग और अतिक्रमण जमींदोज

# अवैध कॉलोनाइज़र पर प्रशासन का बुलडोज़र एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

क्षेत्र में कुकुरमुत्तों की तरह फैल रही अवैध कॉलोनियों पर आखिरकार प्रशासन ने तगड़ा और निर्णायक प्रहार कर दिया। आज 2 फरवरी को राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनाइज़रों में हड़कंप मच गया। अमरावती रोड क्षेत्र में दूसरे के खेत में अवैध रूप से सीमेंट के खंभे गाड़कर की गई बाड़बंदी को जेसीबी मशीन से उखाड़ फेंका गया, वहीं प्लॉटिंग के इरादे से बनाई गई कच्ची सड़कों को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। बीते 6 माह से मीडिया में अवैध प्लॉटिंग को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित हो रही थीं। प्रशासन की यह कार्रवाई उस कहावत को चरितार्थ करती है "देर आए, दुरुस्त आए।"



### कालोनी की वैधता जांच लें

दूसरी तरफ तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर ने आम जनता को चेतावनी देते हुए कहा कि "प्लॉट खरीदने से पहले उसकी वैधता अवश्य जांच लें। अवैध कॉलोनी में निवेश करने पर सड़क, नाली, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जीवनभर परेशान होना पड़ सकता है। इन्होंने साफ अपील की है कि केवल वैध और लाइसेंसी कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी या बुनियादी समस्या से बचा जा सके। यह कार्रवाई स्पष्ट संदेश है कि पांढुर्णा में अब अवैध प्लॉटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मौके पर पहुंचे और एसडीएम - तहसीलदार, सूचना निकली सही

एसडीएम अलका एक्का और तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर आज शाम लगभग 4 बजे अमरावती रोड स्थित खेत पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि प्रदीप निहारे, निवासी सौसर, द्वारा खेत को समतल कर अवैध रूप से प्लॉटिंग की जा रही थी। कच्ची सड़कों का निर्माण कर हितग्राहियों से सौदेबाजी की जा रही थी। प्रशासन के पास पहले से पुख्ता सूचना थी कि इन तथाकथित विकास कार्यों की आड़ में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। मौके पर पुष्टि होते ही प्रशासन ने जेसीबी चलाकर बनाई गई कच्ची सड़कों को तोड़ दिया और खेत को पुनः समतल कर दिया।

### दूसरे के खेत में कब्जा, खंभे उखड़े

इसी कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि एक खेत में सीमेंट के खंभे गाड़कर अतिक्रमण कर रखा था। तहसीलदार विनय ठाकुर ने बताया कि राजू भांगे ने दूसरे के खेत में सीमेंट के खंभों से बाडबंदी की थी, सूचना सही पाए जाने पर जेसीबी मशीन से सभी खंभे उखाड़ दिए गए।

### प्रशासन की दो टूक चेतावनी

एसडीएम अलका एक्का ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं। लोग शिकायतें कर रहे है कि नागपुर रोड, भोपाल रोड, अमरावती रोड पर और इनके करीबी इलाकों में, साईं टेकडी के आस-पास, सावरगांव और कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कालोनियों की बाढ सी आ गई है। इसलिए ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी पांढुर्णा के चारों ओर जारी रहेगी।"

## बड़कुही और जुन्नारदेव ने जीता मुकाबला

बड़कुही / परासिया :-सोमवार को कैरी ऑन कप टूर्नामेंट में दो मुकाबले हुए। जिसमें प्रथम मुकाबला यूनिक क्रिकेट अकादमी परासिया और एकता वंदे मातरम जुन्नारदेव के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला जुन्नारदेव ने किया। यूनिक क्रिकेट की ओर से सर्वाधिक 43 रन मोहित राम ने बनाए टीम का स्कोर 121 रन रहा। टीम 16.4 ओवर में अलाउट हो गई। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम एकता वंदे मातरम ने इस मैच को चार विकेट से जीता। जिसमें रोनित राजपूत ने नाबाद रहते हुए सर्वाधिक 61 रन बनाएं। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मैच टाइम भारत बड़कुही और आईपीएस परतला के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइम्स भारत बड़कुही ने 14.2 बार में 129 रन बनाएं। जिसमें यश ठाकुर ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी आईपीएस परतला की टीम अपने 10 विकेट खोकर 122 रन ही बना पाई और यह मुकाबला टाइम्स बड़कुही ने जीत लिया। रेहान खान और बाबू पठान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



## पेंच स्टॉफ क्लब परासिया के चुनाव संपन्न क्लब बचाओ समिति ने लहराया परचम



परासिया :- परासिया पेंच स्टॉफ क्लब वेकोलि पेंच क्षेत्र के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित सदस्यों के लिए रविवार को मतदान हुआ। जिसमें क्लब बचाओ समिति पैनल ने अपना परचम लहराया। उक्त तीनो पदों और 9 में से 5 सदस्यों पर इस पैनल ने जीत हासिल की। पेंच स्टॉफ क्लब के चुनाव में पैनल क्लब बचाव समिति और यूथ क्लब उत्थान समिति आमने सामने थी। क्लब बचाओ समिति ने कांग्रेस नेता चंद्रभूषण डेहरिया और यूथ उत्थान क्लब पैनल ने सरबजीत सिंह के नेतृत्व में लॉबिंग की थी। क्लब से जुड़े कुल 211 मतदाताओं में से रविवार को 207 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें क्लब बचाओ समिति के नेपाल सिंह उपाध्यक्ष, चंद्रभूषण डेहरिया सचिव, सुनील पांडेय कोषाध्यक्ष, सदस्य कन्हैया सिंह, संजीव लाम्बा, अशोक कुमार डोंगरे, विकास शेंडे और इब्रतुल्ला चुने गए। वहीं यूथ क्लब उत्थान समिति के विनोद कुमार मंडलोई, भारत भूषण श्रीवास्तव, दीपेश अग्रवाल और एफाज खान सदस्य चुने गए। इसी पैनल के कमल सिंह राठौर (उपाध्यक्ष), सरबजीत सिंह (सचिव) और दीपक विश्वकर्मा (कोषाध्यक्ष) पद का चुनाव हार गए।

## गोद ग्राम भाकरा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

दमुआ। शासकीय महाविद्यालय दमुआ द्वारा गोद ग्राम भाकरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन 27 जनवरी 2026 से 2 फरवरी 2026 तक किया गया। यह शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं महिला इकाई प्रभारी श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला इकाई एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पुरुष इकाई प्रभारी श्री दिनेश इवनाती के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, नशामुक्ति तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

# कांग्रेस ने रखी नगरपालिका अध्यक्ष को हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय को पद से हटाने की मांग परासिया कांग्रेस ने रखी है। पार्टी पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है। जिसमें आशंका जताई गई है कि अध्यक्ष अपने पद का दुरूपयोग कर सकते हैं। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय, नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह, पार्षद पूनम कैथवास, सावित्री वर्मा, प्रतिभा सोनी, ब्रजेश भलावी, रुक्मा बंसोड़, निलोफर खान, प्रतिमा बैस और पूजा मरकाम ने कहा है कि अध्यक्ष विनोद मालवी को भारतीय जनता पार्टी ने प्राथमिक निष्काषित कर दिया है। नैतिक आधार पर उन्हें अपने पद से त्याग दे देना चाहिए।

बावजूद इसके वे अब भी पद पर बने हुए हैं। उनपर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। ऐसी स्तिथि में वे अपने पद का दुरूपयोग कर शासन की राशि एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का अनुचित उपयोग कर सकते हैं। जिससे नगरपालिका परासिया को वित्तीय क्षति होने की प्रबल सम्भावना है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने एसडीएम से आग्रह किया है, कि नगर परिषद् के हितों को दृष्टिगत रखते हुए विनोद मालवी को अध्यक्ष पद से बर्खास्त किया जाए।

# एनएसयूआई की हुई बैठक, हुई नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

2 फरवरी सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय परासिया में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य परासिया ब्लॉक में छात्र संगठन को और अधिक सशक्त करना, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना तथा युवाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारियाँ सौंपना रहा। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ - साथ भविष्य की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एनएसयूआई परासिया के ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी ने कहा, कि एनएसयूआई हमेशा से छात्र हितों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी शिक्षा, रोजगार एवं छात्र समस्याओं को लेकर मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने संगठन को गांव, कस्बे और शहर स्तर तक सक्रिय करने पर




### ब्लॉक, शहरी इकाइयों में नई नियुक्तियाँ घोषित

बैठक के दौरान संगठनात्मक निर्णय लेते हुए मीनाक्षी बरखाने एवं योगेश तिवारी को एनएसयूआई ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही रितिक नागवंशी को परासिया शहरी अध्यक्ष, असलम खान को न्यूटन शहरी अध्यक्ष तथा अमन जोएल दास को चांदामेटा शहरी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नव - नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई, कि वे छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएँगे। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे तथा अधिक से अधिक युवाओं को एनएसयूआई से जोड़ने का कार्य करेंगे। बैठक में सभी को अनुशासन एवं संगठनात्मक मर्यादा के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया।

### कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारियों की उपस्थिति और नेतृत्व की सराहना

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय, ब्लॉक समन्वयक बसन्त मालवी, एनएसयूआई जिला समन्वयक गौरव 'मोनू' ठाकुर, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष पंकज मोहबे, एनएसयूआई परासिया के ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी, सौरभ रामटेके, कन्हैया उरेहा, यश बन्देवार, रोहित थमेरिया, सोहेल हुसैन, चेतन सोनी, सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई व कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री शासकीय उ.मा.वि.भेंडारा के विधार्थीयो को करवाया गया रमन विज्ञान केंद्र नागपुर का भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** विकासखंड खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडारा के अध्ययनरत विद्यार्थीयो को स्कूल प्रबंधन के द्वारा 1 फरवरी रविवार को एक्सपोजर विजिट के लिए प्राचार्य आर. के. नागपुरे के नेतृत्व में ले जाया गया। इस दरमियान जिसमें छात्र-छात्राओं को ₹रमन विज्ञान केंद्र नागपुर₹ का भ्रमण करवाया गया। बताया गया की रविवार की सुबह ही बसों के द्वारा छात्र-छात्राए विद्यालय से नागपुर के लिए रवाना हुए। जिन्हें रामटेक के एक स्थान पर नाश्ता करवाया गया। जिसके बाद रमन विज्ञान केंद्र नागपुर पहुंचकर वहां भ्रमण करवाया। जहां पर छात्रों को तारामंडल, सौरमंडल तथा जंगल सफारी पर आधारित 3डी फिल्म के शो दिखाए गए। जिससे छात्रों को इन विषयों को सरलता से अध्ययन करने में सहायता मिली। वहीं साइंस सेंटर में भौतिकी, भूगर्भ विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण संवर्धन, जल संरक्षण तथा भौतिकी आधारित प्रेक्षण व गतिविधि मॉडल छात्रों को देखने को मिला। बताया गया की जिससे छात्रों को विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़कर समझने में सहायता होगी। इस दौरान इसके अतिरिक्त सभी छात्र-छात्रा एवं स्टाफ वहां आयोजित ₹साइंस एक्सपो₹ में भी सम्मिलित हुए। जहां वॉटर प्यूरिफिकेशन, माइनिंग स्टोंस, आर्टिफिशियल सैटेलाइट, कोल हैंडलिंग प्लांट, मानव अंग प्रतिदर्श, ड्रोन टेक्नोलॉजी, वेस्ट मैनेजमेंट, मिट्टी के प्रकार आदि विषयों पर मॉडल का अवलोकन किया। इसके बाद समस्त छात्र-छात्राओं को भोजन करवा कर पुनः विद्यालय की ओर वापस लौट आए। इस दौरान विद्यार्थी एंव शिक्षकगण मौजूद रहे।

## बापू आदर्श पब्लिक स्कूल साडरा के आधा दर्जन बच्चे घायल, दो रिफर

# खड़े हार्वेस्टर से टकराया स्कूली बच्चों से भरा इलेक्ट्रिक ऑटो

### घायल बच्चों का लांजी अस्पताल में चल रहा उपचार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के ऑटो, स्कूली बच्चों को बेधड़क, लेकर जा रहे है, जिस पर किसी प्रकार की रोक ना तो परिवहन, यातायात और पुलिस विभाग लगा पा रहा है। जिसका खामियाजा आज एक बार फि र स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ा। ताजा मामला बापू आदर्श पब्लिक स्कूल साडरा का है जिसके बच्चों से भरे ई-ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त होने से 6 स्कूली बच्चे घायल हो गए। बच्चों को चोटें आने पर उन्हें उपचारार्थ सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती कराया गया है। जबकि दो छात्रो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रिफ र किया गया है। घटना सोमवार को 4 से 5 बजे के बीच की है। बताया जाता है कि ऑटो चालक, साडरा के बापू आदर्श पब्लिक स्कूल में पढने वाले पालडोंगरी, अमेड़ा सहित आसपास के गांव के 13 बच्चों को लेकर आ रहा था। इस दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर पालडोंगरी में लखन उमरे के घर के सामने, सड़क किनारे खड़े हार्वेस्टर से जा टकराया। जिसके बाद बच्चों की चीख-पुकार मच गई। घटना को देखकर लोग दौड़े और ऑटो में फ ंसे बच्चों को बाहर निकाला। ऑटो की हालत देखकर लगता है कि वाहन तेज गति से हार्वेस्टर से टकराया है, वहीं बच्चो को पहुंची चोटें के कारण शरीर से निकले खून भी ऑटो में लगा है।

**एमपीईबी के कर्मचारियों ने पेश की मानवता की मिसाल:** घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे एमपीईबी के पिकअप वाहन में सवार, संजय कावड़े, तिलकचंद धारने और विमल मेश्राम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एंबुलेंस का इंतजार करने की बजाय अपने ही वाहन से बच्चों को लेकर सिविल अस्पताल लांजी पहुंचे। जिसमें 6 बच्चों को ज्यादा चोटें आने पर उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साडरा के बापू आदर्श पब्लिक स्कूल के संचालक भी घटना स्थल पर पहुंचे थे परंतु घायल बच्चों को तुरंत उपचार हेतु रवाना करने की बजाय घटना का वीडियो बनाने वाले लोगों को रोकने की कोशिश में लगे हुए थे। जानकारी अनुसार साडरा के बापू आदर्श पब्लिक स्कूल में बच्चों के परिवहन के लिये उपलब्ध वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से कोई भी वाहन सुरक्षा मानको को पूर्ण नहीं करते है, फिर भी स्कूल संचालक द्वारा ऐसे वाहनों को किराये पर स्कूल में संचालित किया जा रहा है।

सोमवार की दोपहर 3.30 बजे घटित हुई इस दुर्घटना में घायल बच्चों में चेतना पिता बसंत कालबेले (5), खुशी पिता निकुंज कावड़े (5), ख्वाहिश पिता निकुंज कावड़े (8), नवीन पिता प्रकाश सार्वे (10), का सिविल अस्पताल में ईलाज चल रहा है। जबकि शौर्य पिता दौलत नारनौरे (4), और पृथ्वी पिता प्रकाश सार्वे (13) को प्राथमिकी उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। उक्त घटना में पृथ्वी सार्वे के दांये हाथ में फ्रेक्चर है, जबकि शौर्य नारनौरे के चेहरे पर गंभीर चोंटे आई है जिसे लगभग 12 टांके लगाये गये है। फिलहाल सभी बच्चो की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** ग्राम गजपुर में राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का 31 जनवरी को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ समापन हुआ। यह आध्यात्मिक आयोजन 25 जनवरी से प्रारंभ हुआ था, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होकर भागवत कथा श्रवण का लाभ लेते रहे। इस पावन कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित पवनकृष्ण दुबे जी द्वारा किया गया। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के माध्यम से धर्म, भक्ति, संस्कार और जीवन मूल्यों का सुंदर वर्णन किया, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय और कृष्णमय हो गया। कथा के दौरान श्रद्धालु भजन, कीर्तन और सत्संग में लीन रहे। इस आयोजन का संचालन राधा कृष्ण मंदिर आयोजन समिति एवं समस्त महिला मंडल गजपुर के द्वारा किया गया। महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी से पूरे सप्ताह कार्यक्रम की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रही। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाएं भी उत्कृष्ट रूप से की गईं। समापन दिवस पर विशेष पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राम के लोगों ने ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और एकता का संदेश देने वाला बताया। ग्राम गजपुर में आयोजित यह साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय और आध्यात्मिक अनुभव बन गया। इस अवसर पर समाजसेवी जितेन्द्र गौतम, सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख, जिलापंचायत पूर्व सभापति श्रीमती अरूणबाई गजभिऐ, प्रकाश ऊके जिप.सदस्य सहित अन्य श्रदालुगंण मौजूद रहे।

# शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में आनंद उत्सव एवं बिदाई समारोह



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में शनिवार को सर्वप्रथम आनंद उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसके पश्चात विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय से नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित आदरणीय महेश ढोक जी के सम्मान में भव्य बिदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं एवं अपने अनुभव साझा किए। वहीं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। बिदाई समारोह के अवसर पर आदरणीय महेश ढोक जी के सरल, शांत एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व तथा उनके शैक्षणिक योगदान को स्मरण करते हुए विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों एवं समर्पित शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी स्वरूप शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह ने विद्यार्थियों को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं सामूहिक शुभकामनाओं के साथ किया गया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रिफ्रेश, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। उक्त समस्त कार्यक्रम मे पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रचार्य डी. के. फुल्लारे द्वारा समस्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया विद्यार्थी जीवन मे अनुशासित रहते हुए छात्र अपने मंजिल को प्राप्त कर सकते है।

## घोड़ो पर सवार वीर-वीरांगनाएँ व झाकियाँ रही आकर्षण का केन्द्र

# विराट हिन्दू सम्मेलन पर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

## चौराहों पर कलार समाज की महिलाओं ने बनाई आकर्षक रांगोलियाँ




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके लिए दोपहर लगभग डेढ़ बजे बड़ा श्रीराम मंदिर से विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में महिलाओं द्वारा अपने सिर पर कलश रख कर पैदल नगर भ्रमण किया गया। इस शोभा यात्रा में विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल, राजपूत समाज जिला अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा, योग गुरु भेजेन्द्र चौधरी, निरंजन बिसेन, पुष्पा निरंजन बिसेन, स्मिता जायसवाल, किशोर अमूले, बसंत मिश्रा, डॉ. नीरज अरोरा, अजय बिसेन, विनय सुराना, विजय सुराना, जयप्रकाश अग्रवाल, लोकचंद ठाकरे, विक्की एड़े, विजय बिसेन, राकेश बनोटे सहित सैकड़ों नागरिकगण शामिल रहे।

इस भव्य शोभा यात्रा में देश के महापुरुषों की वेशभूषा में युवक -युवतियाँ घोड़ों पर सवार होकर चल रहे थे, वहीं रथ व ट्रालियों में भी विभिन्न झाँकियाँ बनाई गई थी। जिन महापुरुषों की वेशभूषा में युवक-युवतियाँ चल रहे थे, उनमें महाराणा प्रताप, स्वामी विवेकानंद जी, भगिनी निवेदिता, भगवान बिरसा मुंडा, रानी अवंतीबाई, रानी लक्ष्मीबाई, रानी पद्मावती, भारत माता, रानी अबक्का, डॉ. बी आर अंबेडकर, राजा भोज, रानी दुर्गावती व संभाजी महाराज शामिल थे। शोभा यात्रा में शामिल महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण किए और ब्रम्हकुमारी संस्था की बहने श्वेत वस्त्र पहन कर हाथों में ध्वज लेकर चल रही थी।

यह भव्य शोभा यात्रा बड़ा श्रीराम मंदिर से निकल कर राधाकिशन ग्रंथालय, गोलीबार चौक, अंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड होते हुए रानी अवंतीबाई स्टेडियम पहुँची। शोभा यात्रा में बैड बाजे की धुन पर श्रद्धालुओं द्वारा नृत्य किया जा रहा था। शोभा यात्रा में चल रहे नागरिको के हाथों में भगवा ध्वज लहरा रहा था। शोभा यात्रा जिन मार्गो से गुजरी, सभी मार्ग केसरिया रंग से रंगे हुए नजर आए। शोभा यात्रा में चल रहे नागरिकों ने अपने गले में केसरिया दुपट्टा पहना हुआ था। कुछ नागरिकों ने केसरिया पगड़ी पहनी हुई थी।

## संत निरंकारी मंडल द्वारा महदौली में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**वारासिवनी।** संत निरंकारी मंडल द्वारा वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम महदौली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित इस शिविर में रक्तदान करने के लिए 144 लोगों द्वारा पंजीयन करवाया गया था। जिसमें से 106 लोगों ने शिविर स्थल पर पहुँच कर रक्तदान किया। जिसमें 30 महिलाएँ व 76 पुरुष शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मंडल द्वारा समय समय पर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यों मे अपनी सहभागिता निभाई जाती है। इसी कड़ी में मंडल द्वारा लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें संगठन व उससे जुड़े अन्य लोगों द्वारा रक्तदान किया जाता है। जिसका उपयोग संगठन के सदस्यों के अलावा आवश्यकता पडऩे पर अन्य नागरिकों द्वारा भी किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### शहीदो को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2 फरवरी दिन सोमवार को किसान संघर्ष समिति के जिला कार्यालय में शहीद राजेशराय पलारी के साथ साथ शहीद शैलेश वर्मन बंडोल, शहीद भूरासिह बघेल जैतपुर ,शहिद नितेश मिश्रा गंजवार्ड सिवनी , शहीद सी डी एस बिपिन रावत एवं अन्य शहीद साथियों को डा राजकुमार सनोडिया की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित कर पुष्प माला दीप प्रज्वलित श्रीमति पिंकी सनोडिया द्वारा किया गया। साथ ही शहीदों को नमन करते हुए सनोडिया द्वारा शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और बताया गया की इस कार्यक्रम को समिति द्वारा विगत 2002से प्रति वर्ष मनाया जा रहा है।जिसमें ग्राम से लेकर राष्ट्रीय नेताओं का भी आगमन रहा है।

# हथनापुर में बाघ का खुला आतंक: खेत में हिरण का शिकार, ग्रामीण भय और गुस्से में

## किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है प्रशासन?

**जिले के लखनवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम हथनापुर में बाघ की मौजूदगी ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

रविवार दोपहर करीब 1 बजे गांव के किसान विजय सनोडिया के गेहूं के खेत में बाघ द्वारा हिरण का शिकार किए जाने की घटना सामने आई। खेत में पड़ा हिरण का शव और उसका खाया हुआ पेट का हिस्सा इस बात का साफ संकेत है कि बाघ अब जंगल की सीमा पार कर सीधे खेती और आबादी वाले इलाकों में पहुंच चुका है।

घटना सामने आते ही हथनापुर सहित आसपास के गांवों में हडक़ंप मच गया। खेतों में काम करने वाले किसान, महिलाएं और बच्चे भय के साए में आ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में इस तरह खुलेआम बाघ का शिकार होना बेहद खतरनाक संकेत है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग और प्रशासन गंभीरता दिखाते नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बाघ और अन्य जंगली जानवरों की गतिविधियों की जानकारी दी जा रही थी, लेकिन वन विभाग ने हर बार मामले को नजरअंदाज किया। अब जब खेत में शिकार की घटना सामने आई है, तब वन अमला मौके पर पहुंचकर केवल निरीक्षण कर खानापूर्ति कर रहा है। इससे ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जरूर है, लेकिन न तो क्षेत्र में नियमित गश्त शुरू की गई है और न ही बाघ की निगरानी के लिए कोई ठोस कार्ययोजना सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पिंजरे, ट्रैकिंग और रात्रिकालीन गश्त की व्यवस्था की जाती, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती।

ग्रामीणों ने प्रशासन से स्पष्ट शब्दों में मांग की है कि तत्काल प्रभाव से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, बाघ की लगातार निगरानी की जाए और गांवों के आसपास विशेष वन टीम तैनात की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी प्रकार की जनहानि होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी वन विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

# आज विधायक दिनेश राय मुनमुन विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं जनसंपर्क करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आज 03/02/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी क्षेत्र के विकास को गति देने के संकल्प के साथ विभिन्न ग्रामों मे लाखों की लागत के सामुदायिक भवन, शेड, फेंसिंग, बाउंड्रीवॉल, एप्रोच रोड, सौन्दर्यीकरण, तोरणद्वार और स्नान घाट निर्माण विकास कार्यों का भूमिपूजन कर जनसंपर्क करेंगे। कल निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बींझावाडा मे प्रातः 10:00 बजे सामुदायिक भवन, कंडीपार मार्ग पर तोरणद्वार, पंड्या कालोनी मे सीसी रोड एवं नाली, जिला पंचायत परिसर मे बाउंड्रीवॉल सह गेट निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार प्रातः 11:00 बजे ग्राम बिठली मे सीसी रोड, शमशान घाट की ओर एप्रोज रोड, गहरानाला से नागद्वारी की ओर एप्रोज रोड, प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक प्रति मंगलवार अनुसार बारापत्थर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के कार्यालय मे जनसुनवाई की जावेगी।

# एक शाम बेटी के नाम टाइनी टॉट्स स्कूल छपारा की अनूठी पहल, बेटियों के सम्मान में भावनात्मक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



टाइनी टॉट्स स्कूल छपारा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी विद्यालय की बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसी सोच के साथ 31 दिसंबर 2026, शनिवार को विद्यालय द्वारा एक शाम बेटी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश फैलाया।

मातृशक्ति और नारी सम्मान को समर्पित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डेहरिया, नगर परिषद अध्यक्ष छपारा श्रीमती निशा सुरेश पटेल, श्रीमती ज्योति नरेश राजपूत, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की कार्यकारी समिति के सदस्य सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। भ्रूण हत्या विरोध, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी सम्मान जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया। बच्चों के प्रभावशाली अभिनय और संवादों ने दर्शकों को भावुक कर दिया और पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यालय की पूर्व छात्राओं को मंच पर सम्मानित कर बेटियों की सफलता को समाज के सामने प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा एनम खान, जो वर्तमान में सिवनी जिले के मेडिकल कॉलेज में पदस्थ हैं, को सम्मानित किया गया। इसी तरह सना अंजुम खान, जिन्होंने मध्य प्रदेश स्तर पर कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया, को विशेष सम्मान दिया गया। साथ ही यशी चौरसिया, जो वर्तमान में एलआईसी में सेवाएं दे रही हैं, को भी सम्मानित किया गया।

इन सम्मानों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि टाइनी टॉट्स स्कूल छपारा अपने विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा देता है, बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढऩे के लिए मजबूत आधार भी प्रदान करता है। इसके अलावा विद्यालय की अन्य पूर्व छात्राओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में सफलता हासिल की है।

अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज की सोच बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर एक शाम बेटी के नाम कार्यक्रम बेटियों के सम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का एक प्रभावशाली उदाहरण बनकर छपारा नगर में यादगार आयोजन के रूप में संपन्न हुआ।



# डी पी सी स्कूल के आराध्य, अथर्व एवं अनन्या कक्षा 12वीं के बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु पुरूष्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

स्थानीय डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, ड्रीमलैण्ड सिटी सिवनी ने प्रत्येक वर्ष की तरह सत्र 2024-25 की कक्षा 12वी के सी बी एस ई बोर्ड परीक्षा मे शानदार प्रदर्शन किया है। जिसमे कक्षा 12वी मे गणित संकाय से आराध्य चतुर्वेदी, बायोलॉजी से अथर्व चतुर्वेदी, कलां संकाय से अनन्या तिवारी, ने जिले मे प्रथम स्थान एवं प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवांवित किया है। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 26 जनवरी को प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा , विधायक दिनेश राय (मुनमुन) , एवं जिला कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले द्वारा सम्मानित कर संस्था के प्राचार्य एवं प्रबंधक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है विद्यालय की इस सफलता पर सभी स्नेही स्वजनों ने शुभकानाएँ प्रेषित की है।

## आदेगांव पुलिस ने चोरी का किया गया खुलासा

# चोर सहित चोरी के सोने चांदी के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल नेतृत्व में आरोपी पर सख्त कार्यवाही की जा रही है एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में संपत्ति संबंधी आरोपी को गंभीरता से लेते हुए सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। प्रार्थी कौशल चौकसे पिता स्व. नारायण प्रसाद चौकसे उम्र 47 साल निवासी ग्राम केकड़ा थाना आदेगांव ने दिनांक 27.01.2026 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 24.01.2026 को पारिवारिक कार्यक्रम में जबलपुर गया था जो दिनांक 27.01.2026 को आकर देखा तो घर का सामान बिखरा पडा था और घर के कीमती जेवरात भी नही थे एवं घर का ताला टुटा था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोडकर चोरी करना प्रतीत होने पर प्रार्थी के बताये अनुसार थाना आदेगांव अपराध क्रमांक 21/2026 धारा 331 (4) 305(क) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया था। दौरान विवेचना घटना स्थल में मिले भौतिक साक्ष्य के आधार पर दिनांक 26.01.2026 की रात्रि एक संदेही व्यक्ति के दिखने पर उक्त व्यक्ति के हुलिये के आधार पर बारीकी से पूछताछ करने पर वह संदेही व्यक्ति पूर्व में थाना आदेगांव के चोरी के अपराध में जेल जा चुके आरोपी शनिराम उर्फ बड्डु यादव से मेल खाने पर लगातार संदेही आरोपी शनिराम उर्फ बड्डु यादव की पता तलाश हेतु मुखबिर मामूर किये गये थे जो उक्त आरोपी मुखबिर की सूचना पर गनेशगंज में दिखाई देने पर तस्दीकी कार्यवाही दौरान उक्त संदेही को दस्तयाब कर घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई जो उक्त चोरी की घटना करना स्वीकार किया एवं चोरी की गई संपत्ति अपने अधिपत्य से जप्त कराया मामले में संपूर्ण वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जाकर उपजेल लखनादौन निरूध्द किया गया है।

# बारापत्थर में विशाल हिंदू सम्मेलन, साध्वी सरस्वती ने दिया उद्बोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



बारापत्थर क्षेत्र में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में उस समय माहौल गरमा गया जब मुख्य वक्ता साध्वी श्री सरस्वती जी ने अपने तीखे और बेबाक उद्बोधन में हिंदू समाज की एकजुटता पर गंभीर सवाल खड़े किए। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

साध्वी सरस्वती जी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज आज बंटा हुआ है और इसी विभाजन का लाभ असामाजिक व कट्टर सोच रखने वाले तत्व उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में केवल एक नहीं बल्कि कई प्रकार के जिहाद सक्रिय हैं, जिन्हें समाज समझने में चूक कर रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में सिवनी से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वे सिवनी में थीं, तब ईद के अवसर पर कथित रूप से गाय और ऊंट की कुर्बानी एक साथ दी गई। साध्वी ने यह भी आरोप लगाया कि इस कृत्य में शामिल लोगों को हिंदू समाज के कुछ लोगों द्वारा ही शरण दी गई, जो चिंता का विषय है। इतना ही नहीं, साध्वी सरस्वती जी ने विगत वर्ष बैनगंगा नदी में दर्जनों गोमाताओं के अवशेष फेंके जाने की घटना का उल्लेख करते हुए इसे हिंदू आस्था पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं हिंदू समाज को सोचने और जागने का संदेश देती हैं। अपने उद्बोधन के अंत में साध्वी सरस्वती जी ने हिंदू समाज से आह्वान किया कि वह जाति, वर्ग और क्षेत्रीय मतभेदों से ऊपर उठकर संगठित हो, अपनी आस्था, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए सजग और जागरूक बने। सम्मेलन में मौजूद लोगों ने साध्वी के उद्बोधन का समर्थन करते हुए हिंदू एकता के नारे लगाए। आयोजन को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

### साध्वी सरस्वती के आगमन पर सुजीत जैन ने किया भव्य स्वागत, गृह निवास पर हुआ सम्मान



बारापत्थर में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन से पूर्व साध्वी श्री सरस्वती जी के आगमन पर समाजसेवी सुजीत जैन द्वारा अपने गृह निवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर साध्वी सरस्वती जी का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुजीत जैन ने साध्वी सरस्वती जी के सामाजिक एवं धार्मिक जागरण के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके मार्गदर्शन को हिंदू समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। साध्वी सरस्वती जी ने भी स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता और एकजुटता के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# एसआईआर-2026 : मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण SIR को लेकर रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारत_निर्वाचन_आयोग के निर्देशानुसार सिवनी जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में सोमवार, 02 फरवरी को जिले के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक, सचिव परिवहन विभाग एवं मध्यप्रदेश सुगम परिवहन सेवा निगम के प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले, एसडीएम सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी, एसडीएम बरघाट संदीप श्रीवास्तव सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रोल प्रेक्षक मनीष सिंह ने विधानसभा-वार प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं की संख्या, लिंगानुपात एवं ईपिक रेशियो का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। इस हेतु 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवाओं के नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है अथवा जिनके एन्यूमेरेशन फॉर्म जमा नहीं हो सके हैं, उनकी सुनवाई के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र पाए जाने पर नाम सूची में शामिल किए जाएं। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बैठक में बताया गया कि 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 10 लाख 57 हजार 576 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 5 लाख 33 हजार 935 पुरुष, 5 लाख 23 हजार 630 महिला तथा 11 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 12 हजार 332 है।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान नाम जोड़ने हेतु 11 हजार 933 फॉर्म-6, नाम हटाने हेतु 1247 फॉर्म-7 तथा संशोधन हेतु 3881 फॉर्म-8 प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5538 फॉर्म-6, 400 फॉर्म-7 तथा 1775 फॉर्म-8 का निराकरण किया जा चुका है। जिले में कुल 1478 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 1407 केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी एवं 1384 केंद्रों पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए हैं।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एसआईआर-2026 के अंतर्गत जिले में अब तक 95.76 प्रतिशत मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म का डिजिटलीकरण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4340 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 40 हजार 972 मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म विभिन्न कारणों से जमा नहीं हो सके, जिनमें 13 हजार 762 मतदाता मृत, 5165 अनुपस्थित, 19 हजार 257 अन्य स्थान पर स्थायी रूप से निवासरत, 2648 के नाम अन्य स्थान की मतदाता सूची में दर्ज तथा 140 अन्य विविध कारणों से शामिल हैं।

## कन्हैया गौशाला का 19 वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।कन्हैया गौशाला एवं पर्यावरण केन्द्र,खुरसीपार में 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय नस्ल की देशी गायों का विशाल गौ मेला एवं प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 1 फरवरी 2026 को किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में आमजन से प्रकृति प्रेम का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गाय केवल देती है, कभी कुछ लेती नहीं, उसी प्रकार प्रकृति भी निस्वार्थ भाव से मानव को सब कुछ प्रदान करती है। गाय हिंदू धर्म में पूजनीय, पवित्र और माता के रूप में मानी जाती है तथा उसे धन और समृद्धि का प्रतीक कहा गया है। उन्होंने कहा कि माँ का सम्मान सभी करते हैं, परंतु प्रकृति हमारी सबसे बड़ी माँ है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है

# मंदिरों में चोरी करने वाले चोर चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए सतत सक्रिय रहते हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 04 घटनाओं का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।



उल्लेखनीय है कि दिनांक 29/01/2026 को प्रार्थी विजय उर्फ विक्की सोनी निवासी काली मंदिर के पास सुभाष वार्ड सिवनी द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि दिनांक 25/01/2026 को काली मंदिर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर से चांदी की पायल चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 331(1),305 (स्र) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 29/01/2026 को प्रार्थी रविशंकर भांगरे निवासी परतापुर रोड़ द्वारा रिपोर्ट लेख कराई कि भैरोगंज परतापुर रोड़ स्थित हनुमान मंदिर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हनुमान जी का चांदी का मुकुट एवं दो चांदी की आंखे एवं दानपेटी में रखे करीबन 2000 रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 72/2026 धारा 331(1),305 (स्र) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 30/01/2026 को प्रार्थी परसराम सनोडिया निवासी एफसीआई गल्ला गोदाम के पास सिवनी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि मठ मंदिर परिसर में राधाकृष्ण मंदिर का ताला तोडकर दानपेटी से करीबन 12000 रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्धअपराध क्रमांक 73/2026 धारा 331(1), 305(स्र) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं घटना स्थल के आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई जो संदिग्धों की पहचान 02 विधि विवादित किशोर के रूप में हुई जिसकी तलाश की जाकर पूछताछ की गई जो 01 विधि विवादित किशोर द्वारा दिनांक 29/01/2026 को काली मंदिर एवं भैरोगंज परतापुर रोड़ स्थित हनुमान मंदिर में चोरी करने की बात एवं दूसरे विधि विवादित किशोर द्वारा मठ मंदिर परिसर में राधाकृष्ण मंदिर का ताला तोडकर चोरी करने के साथ-साथ दिनांक 14/01/2026 की रात्रि में छपारा स्थित एक सूने मकान से चोरी हुए 02 कैमरा को अपने पास में रखने की बात स्वीकार करने एवं चोरी का मशरुका लाकर पेश करने पर विधिवत जप्त कर दोनों विधि विवादित किशोर को अभिरक्षा में लिया जाकर एक को माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है एवं दूसरे किशोर को कल दिनांक 02/02/2026 को पेश किया जाता है।

## आज से देखने मिलेंगे ओपन वर्ग के महामुकाबले

# पार्षद गोल्ड कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खंबों में और लाइट लगाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर हृदयस्थल माने जाने वाले मिशन स्कूल के मैदान में खेली जा रही पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट में खेल प्रेमियों और दर्शकों को अब आज से ओपन वर्ग के फटाफट क्रिकेट मैचों में कडक मुकाबले देखने मिलेंगे जिसका सीधा प्रसारण गौतम डिजिटल सेटअप द्वारा यूट्यूब के माध्यम से जस्टिन स्टुडियों के माध्यम से लगातार घरों घर सीधा प्रसारण किया जा रहा है जिसे खेलप्रेमी इस टूर्नामेंट का प्रसारण कभी भी कहीं भी देख कर आनंद उठा रहे हैं।

पीजी कॉलेज में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अजय बाबा पांडे और जय अंबे सिक्योरिटी सर्विस के संचालक अरूण यादव और उनकी पूरी टीम द्वारा पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के भव्य आयोजन में खेल प्रेमियों और दर्शकों का रौमांच दिनों-दिन लगातार बढ़ते ही जा रहा है। अब तक हुए वेटरन वर्ग के मुकाबलों के लीग मैच लगभग समाप्ति की ओर हैं अगले चरण में क्वाटर सेमी और फाइनल मैचों श्रंखला रहेगी इसी बीच 03 फरवरी से ओपन वर्ग के खिलाड़ियों का रोमांच मिशन स्कूल ग्राउंड में अपना जलवा बिखेरेगा जहां नगर व जिले सहित अन्य जिलों के खिलाड़ियों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और तूफानी रफ्तार की गेंदबाजी खेल प्रेमियों और दर्शकों को अपनी और आकर्षित करेगी। 8-8 ओवरों के होने वाले ओपन वर्ग के महामुकाबलों में खिलाड़ियों का उत्साह उमंग और जुनून देखने मिलेगा जो दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने मजबूर कर देगा।

पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट अंतर्गत 01 फरवरी को खेले गए मैचों में चार चांद लगाने मुख्य अतिथि के तौर पर सिवनी विधानसभा के लाड़ले विधायक




दिनेश राय मुनमुन का आगमन हुआ समिति सदस्यों और खिलाड़ियों ने तालियों की गडगड़ाहट और आतिशबाजी के बीच श्री राय का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूल-मालाओं से अभिवादन किया।

तत्पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा मैदान में दो टीमों के बीच टास प्रकिया को संपन्न कराते हुए उपस्थित टीम बायस 11 और जीएससी के खिलाड़ियों सहित अन्य सदस्यों से परिचय प्राप्त करते हुए मैदान के चारों ओर लगी दूधिया रोशनी के बीच पिच पर बल्लेबाजी करते हुए अपने हाथ आजमाए।

ज्ञात हो कि विधायक दिनेश राय मुनमुन ने नगर के विभिन्न खेल मैदानों जिनमें पालिटेक्निक मैदान, मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड अहम हैं जहां श्री राय ने स्वयं अपने प्रयास से रात्रि कालीन खेल को प्रारंभ करने के उद्देश्य से फ्लड लाइट लगवाकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के मनोबल को बढ़ाने में मदद की है साथ ही खेलों को बढ़ावा देने उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न खेल गतिविधियों पर लगातार जोर देते रहते हैं। खेल प्रेमियों और समिति सदस्यों द्वारा मिशन स्कूल मैदान में कम रोशनी होने की मांग पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राऊंड के सभी खंबों में और लाइट बढ़ाने हेतु अपनी सहमति दें दी है जिससे आगामी समय में मैदान के अंदर और तेज दूधिया रोशनी के बीच खेले जाने वाले मैचों में खिलाड़ियों सहित खेल प्रेमियों और दर्शकों में का रोमांच बढक़र सामने आएगा।

01 फरवरी को नौंवे दिन वेटरन वर्ग के खेले गये मैचों में पहला मैच पत्रकार क्लब 1/ह्य यलगार के बीच समयाभाव के चलते 8-8 ओवरों का खेला गया जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए यलगार ने निर्धारित 8 ओवरों के खेल में 3 विकेट गंवाकर 126 रनों का लक्ष्य पत्रकार क्लब के समक्ष रखा टीम यलगार की ओर से सर्वाधिक 69 रन 22 गेंदों का सामना करते हुए अभिषेक सिंह चौहान ने बनाए उन्होंने 8 छक्के व 5 बाउंड्री मारकर नाबाद रहे जबकि गन्नू माना ठाकुर 12 गेंदों में 28 बनाकर नन्दन श्रीवात्री की गैंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट आए। जीत के लिए 127 रनों का स्कोर फाइक करने उतरी पत्रकार 11 ने 8 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 87 रनों पर सिमट कर गई पत्रकार 11 की ओर से एक मात्र खिलाड़ी अजय सनोडिया ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्के और 8 चौंकों की मदद से 48 रनों की आतिशी पारी खेली अपनी सधी हुई गेंदबाजी के चलते टीम यलगार ने यह मैच 39 रनों से जीत लिया।

# इको क्लब के तहत मनाया गया विश्व आद्र्रभूमि वल्ड वेटलैंड दिवस

### आद्र्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान सांस्कृतिक विरासत का उत्सव की थीम पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में ईको क्लब के अंतर्गत विश्व आद्र्रभूमि दिवस (वल्ड वेटलैंड डे 02 फरवरी) के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग और प्राणिविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आर एस डहेरिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के तहत परिचर्चा के माध्यम से आद्र्रभूमियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। आद्र्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान - सांस्कृतिक विरासत का उत्सव थीम पर आयोजित परिचर्चा में प्रतिभागियों ने अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश देकर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. परिचर्चा में आद्र्रभूमियों के संरक्षण, उनके पारिस्थितिक महत्व तथा पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत से उनके गहरे संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। इको क्लब प्रभारी डॉ. संदीप शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ टीपी सागर, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. मनीषा सोनेकर, डॉ. धनेंद्र गुर्देकर एवं महाविद्यालय के सभी स्टॉफ ने सक्रिय सहयोग किया. इको क्लब प्रभारी डॉ. संदीप शुक्ला ने आभार जताया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय से जांच, गांवों में पुलिस फ्लैग मार्च और संवैधानिक अधिकार बहाल करने की मांग

# पूर्व विधायक किशोर समरीते ने की घोटी-नंदोरा में पुलिस फ्लैग मार्च और न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने बालाघाट जिले की लांजी तहसील के ग्राम घोटी और नंदोरा में 10 मुस्लिम परिवारों के कथित सामाजिक बहिष्कार के मामले को गंभीर बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से जांच कराने और दोनों गांवों में पुलिस फ्लैग मार्च कराने की मांग की है। श्री समरीते ने अपने जारी बयान में कहा कि ग्राम घोटी और नंदोरा विगत दो वर्षों से गौहत्या और गोमांस से जुड़े मामलों को लेकर चर्चा में रहे हैं, लेकिन वर्तमान में यहां 10 मुस्लिम परिवारों के सामाजिक बहिष्कार का मामला सामने आना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद थाना लांजी, पुलिस मुख्यालय और राज्य स्तर के अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि खुफिया एजेंसियां भी इस पर मौन साधे हुए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि गांवों में कथित रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को किराने का सामान देने से मना किया जा रहा है, नाई द्वारा दाढ़ी या बाल कटवाने से इनकार किया जा रहा है और कोटवार के माध्यम से गांव में मुनादी कर सामाजिक बहिष्कार की घोषणा कराई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य भी इस बहिष्कार के समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं। श्री समरीते ने यह भी आरोप लगाया कि गांव के मंदिरों और चौराहों पर धार्मिक झंडे लगाकर भड़काऊ भाषण (हेट स्पीच) दिए जा रहे हैं, जिससे गांव



का सामाजिक माहौल तनावपूर्ण होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहिष्कृत परिवारों के छोटे बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं और महिलाएं भय के वातावरण में जीवन जीने को मजबूर हैं। पूर्व विधायक ने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने, बहिष्कृत परिवारों को संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिक अधिकार तत्काल बहाल कराने तथा दंगा भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समय रहते निष्पक्ष और सख्त कदम नहीं उठाए, तो यह मामला कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

# अधिवक्ता संघ चुनाव में गड़बड़ी का आरोप, शिकायत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में कथित गड़बड़ी को लेकर पराजित प्रत्याशियों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से शिकायत की है। 17 जनवरी को हुए चुनाव और मतगणना के लगभग पखवाड़े भर बाद, 2 फरवरी को अधिवक्ता प्रत्याशी एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले की पुलिस जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी आनंद टेंभरे ने बताया कि उन्होंने एसपी से चुनाव में हुई गड़बड़ी की शिकायत की है। उनके अनुसार, मतदान के बाद बताई गई मतदाताओं की संख्या से मतगणना में 50 अधिक मत निकले।

टेंभरे ने यह भी आरोप लगाया कि मतदान के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा किए गए हस्ताक्षरों वाले दस्तावेज की प्रमाणित प्रति नहीं दी जा रही है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि वह दस्तावेज या तो कोई ले गया है या चोरी हो गया है, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

टेंभरे ने कहा कि इन तथ्यों से चुनाव में गड़बड़ी साफ जाहिर होती है, जिसकी जांच की मांग उन्होंने आवेदन में की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जांच नहीं होती है, तो वे उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे।

हालांकि, प्रत्याशियों द्वारा लगाए गए इन आरोपों को जिला निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता हरीश नगपुरे ने निराधार बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव राज्य अधिवक्ता संघ के निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता के साथ कराए गए थे और आरोप लगाने वाले प्रत्याशी हारने के बाद ऐसी बातें कह रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियम 'हायर एजुकेशन रेगुलेशन 2026' के खिलाफ मोर्चा खोला



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सकल सामान्य वर्ग ने सोमवार को यूजीसी के नए नियम 'हायर एजुकेशन रेगुलेशन 2026' के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। वर्ग के सदस्यों ने शहर की सड़कों पर बाइक रैली निकालकर अपना विरोध जताया और राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इस नियम को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

सकल सामान्य वर्ग के प्रतिनिधि संतोष शुक्ला ने इस नए नियम पर को 'फांसी का फंदा' करार दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस नियम को वापस नहीं लेती है, तो आने वाले दिनों में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। वर्ग का मानना है कि यह नियम उनके हितों के खिलाफ है।

यह नया नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्रताड़ना से बचाने और उन्हें सुरक्षा देने के लिए लाया गया है, जिसका इन वर्गों ने स्वागत भी किया है। हालांकि, इस मामले में नया मोड़ तब आया जब सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस पर रोक लगा दी।

अब सबकी नजरें कोर्ट की अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जिससे यह साफ होगा कि यह कानून लागू रहेगा या सरकार इसे वापस लेगी। फिलहाल रोक के बावजूद सामान्य वर्ग सरकार पर दबाव बनाने में जुटा है।

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कछुआ गति से चल रहा, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के भटेरा मार्ग पर बन रहे ओवरब्रिज का काम कछुआ चाल से चल रहा है। भूमिपूजन हुए कई साल बीत गए, लेकिन अब तक गिने-चुने खंभे ही खड़े हो पाए हैं। रास्ते में आ रही दुकानें, मकान और आवाजाही के लिए वैकल्पिक रास्ता न होना इस देरी की सबसे बड़ी वजह बनी हुई है।

ओवरब्रिज के रास्ते में करीब 224 भवन और दुकानें आ रही हैं, जिन्हें हटाने की प्रक्रिया बीते एक साल से कागजों में ही उलझी है। राजस्व विभाग ने पिछले साल इनका सर्वे तो कर लिया था, लेकिन कार्रवाई अब शुरू हुई है।

एसडीएम गोपाल सोनी के मुताबिक, 8 जनवरी को इस संबंध में सूचना जारी की गई थी, जिसकी समय सीमा 8 फरवरी को खत्म हो रही है। इसके बाद प्रभावित लोगों को मुआवजे की राशि बांटी जाएगी, जिसके बाद ही निर्माण वाली जगह को खाली कराया जा सकेगा।

करीब 38 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस रेलवे ओवरब्रिज को अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य था। लेकिन प्रशासनिक सुस्ती को देखते हुए इस समय सीमा में काम पूरा होना नामुमकिन लग रहा है।

लगभग 1313 मीटर लंबे इस पुल के लिए कुल 42 खंभे बनने हैं। खास बात यह है कि जितने का पुल बन रहा है, लगभग उतनी ही राशि (35 करोड़ रुपए) तो प्रभावित संपत्तियों के मुआवजे में खर्च होने का अनुमान है।

जब तक तोड़फोड़ का काम पूरा नहीं होता, तब तक ब्रिज के निर्माण में तेजी आना मुश्किल है।

# हजारों टन धान खरीदी केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में धान खरीदी खत्म हुए 12 दिन बीत जाने के बाद भी जिले में हजारों टन धान खरीदी केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे पड़ी है। इस वजह से न केवल धान खराब होने का डर है, बल्कि किसानों का भुगतान भी अटका हुआ है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में कलेक्टर मृणाल मीणा ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी को तुरंत हटाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 26,293 मीट्रिक टन धान का परिवहन होना बाकी है। प्रशासन ने इस धान को सुरक्षित रखने के लिए नए गोदाम भी ले लिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने भरोसा दिलाया है कि अगले एक सप्ताह के भीतर पूरी धान को गोदामों में शिफ्ट कर दिया जाएगा, ताकि किसानों को जल्द से जल्द उनके पैसे मिल सकें।

जानकारी के अनुसार अब रबी सीजन की तैयारी शुरू हो गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का पंजीयन7 फरवरी से 7 मार्च तक चलेगा। जिले में इसके लिए 23 केंद्र बनाए गए हैं।

इसके लिए ऑनलाइन कियोस्क, लोक सेवा केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर या साइबर कैफे पर जाकर 50 रुपए फीस देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि प्रसूति सहायता के जितने भी पात्र मामले रुके हुए हैं, उन्हें जल्द निपटाकर महिलाओं को राशि दी जाए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का भी तुरंत समाधान करने को कहा गया है।

# मां किरनाई मंदिर किरनापुर में एकल श्री हरि सत्संग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 2 फरवरी 2026 को एकल विद्यालय अभियान के तहत अंचल बालाघाट संच किरनापुर के किरनाई मंदिर परिसर में श्री हरि सत्संग भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सात विद्यालय ग्राम से सत्संग भजन मंडलीय आई हुई थी जिसमें प्रथम स्थान ग्राम नाहरवानी रही और सैनिक सम्मान कार्यक्रम भी करवाया गया जिसमें सैनिक परिवार को सम्मानित किया गया यह प्रतियोगिता एकल अभियान के संस्कृत गांव का निर्माण उद्देश्य को लेकर आयोजित की गई इसमें गांव को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कार वान बनाने पर जोर दिया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आंचल अध्यक्ष अंचल बालाघाट से गौरव दुबे, श्रीमती मिताली दुबे एकल अभियान संच समिति किरनापुर से डॉक्टर लोमेश तुरकर संच अध्यक्ष, एन आर गर्दे संच सचिव,श्रीमती सरिता जोशी महिला समिति अध्यक्ष, श्रीमती गीता पाठक, श्रीमती सुमन परिहार,श्रीमती लता मालघाटी, सुश्री नंदिनी शुक्ला , अमिका गोस्वामी , मदन मोहन पारासर पत्रकार,एकल सेवावृति कार्यकर्ता संजय धारवेया प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख, श्याम दुफारे अंचलव्यास क्थाकार, लक्ष्मी चंद चौधरी अंचल कार्यालय प्रमुख , अंकित डोरे अंत में अध्यक्ष ने कहा कि सत्संग मंडली प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षित गांव के साथ-साथ संस्कारित गांव का निर्माण करना है ।समस्त आचार्य गण उपस्थित रहे।

कटंगी में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई संत रविदास जी की 649वीं जयंती

# समरस समाज की दिशा में संत रविदास के विचार आज भी मार्गदर्शक - विधायक गौरव सिंह पारधी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सद्गुरु संत रविदास महाराज जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर कटंगी नगर में आयोजित कार्यक्रम आस्था, सामाजिक एकता और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने कार्यक्रम में सहभागिता कर संत रविदास महाराज जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

जयंती समारोह के दौरान संत रविदास सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमि पूजन संपन्न कराया गया। प्रस्तावित भवन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे आने वाले समय में समाज को संगठित गतिविधियों के लिए स्थायी मंच उपलब्ध होगा।



विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत रविदास महाराज जी के कथन आज भी समाज को सही दिशा दिखाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। संत रविदास जी ने समानता और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी आपसी समरसता को बढ़ाएं, भेदभाव को समाप्त करें और एक प्रगतिशील तथा सशक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा विशेष आमंत्रण के लिए विधायक श्री पारधी का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित नगर एवं ग्राम से पधारे समस्त नागरिकों को संत रविदास जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। सफल आयोजन के लिए सभी समाजजनों, आयोजन समिति एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मस्जिदो और घरो में की जाएगी ईबादत

# शबे बारात आज, अकीदत के साथ जाएगा पर्व, हजरत उवैस करनी को किया जाएगा याद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




मुस्लिम धर्मावलंबियों में शबे बारात पर्व का विशेष महत्व है, जो आज 3 फरवरी को बालाघाट सहित पूरे जिले में यह पर्व, धार्मिक परंपरानुसार मनाया जाएगा। इस पर्व में शाम को विशेष नमाज भी अदा की जाएगी।

शबे बारात पर्व पर आज मंगलवार की रात्रि और कल बुधवार की सुबह तक पूरे अकीदत के साथ ईबादत की जाएगी। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबी, मस्जिदो और घरो में अपने पूर्वजों के लिए दुआए करेंगे। साथ ही कब्रिस्तान में उनकी कब्र पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे।

शबे बारात को कुरान की तिलावत, धर्म गुरूओं का प्रवचन, दरूदो सलाम के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शबे बारात में मस्जिदों और कब्रिस्तान में खासी रौनक होगी। चूंकि शबे बारात का पर्व, मुस्लिम धर्मावलंबी, अपने दिवंगत पूर्वजों की याद में मनाते है, जिसके चलते कब्रिस्तान में पहुंचकर, मुस्लिम धर्मावलंबी, अपने पूर्वजों की कब्र पर पुष्प अर्पित कर उनके लिए दुआए करेंगे। मुस्लिम प्रतिनिधि हाजी शोएब खान ने प्रशासन से मांग की है कि पर्व को देखते हुए पूरे जिले में सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किए जाए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके।

धार्मिक मान्यता के अनुसार साल में कुछ खास दिन है, जिसमें मुस्लिम धर्मावलंबी, ईबादत करके नेकियां कमाते है और अपने गुनाहों से बचने का संकल्प लेते है। हाजी शोएब खान बताते है कि धर्म ग्रंथो में शबे बारात का उल्लेख है। जिसमें अल्लाह के हुक्म से इस रात, हर हिकमतवाला काम बांट दिया जाता है, हर बंदे, का पूरे साल का हिसाब लिख दिया जाता हैं, याने बंदे का काम, उसकी रोजी-रोटी, उसकी उम्र, साथ ही साल भर का हर पैदा होने वाला, हर मरने वाला, यह सभी बाते उसके पूर्व वर्ष में किए गए आधार पर तय की जाती है। उन्होंने बताया कि शबे बारात को लेकर पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल्ल.) का फरमान है कि शबे बारात का दिन आखिरत की नेमत और रहमत हासिल करने और दुनियावी आफते और मुसीबतें दूर करने और दिली मुराद पाने का दिन है। इसलिए बंदे को चाहिए कि वह परहेजगारी के साथ अपने रब की ईबादत करें। अपने दिल से जलन, हसद को निकाल दे, बंदो के हक, जैसे भी हो, उसको अदा कर दे। तभी तुम रब की रहमत के अधिकारी बनोंगे। साथ ही शबे बारात के दिन अल्लाह के महबुब बंदो को भी याद किया जाता है। जिसमें विशेष रूप से हजरत उवैस करनी को याद किया जाता है। जिन्होंने पूरी दुनिया को अपने मां-बाप की सेवा का उदाहरण पेश किया।

# साइबर अपराध रोकने साइबर पुलिस ने चौपाल लगाकर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुख्य शाखा बालाघाट में 2 फरवरी को साइबर अपराध रोकने के लिए साइबर पुलिस द्वारा पुलिस चौपाल का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित किसानों को बताया गया कि साइबर फ्रॉड रोकने के लिए क्या-क्या उपाय करने हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, अपने आधार कार्ड की जानकारी किसी भी अन्य व्यक्तियो को नहीं बताना है और कोई भी व्यक्ति यदि आपसे ओटीपी की मांग करता है तो उसे किसी भी परिस्थिति में अन्य व्यक्ति को प्रदान न करें।

इस अवसर पर व्यापक रूप से पुलिस द्वारा समझाइए देते हुये बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया । शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा ने भी किसान खातेदारों को विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर साइबर पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा शाखा के कर्मचारी, किसान उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने सामाजिक विषयों पर रखे अपने विचार

# सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में श्री विश्वकर्मा लोहार समाज संगठन कटंगी के द्वारा काली माता मंदिर प्रांगण में सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में मारुति राव शेंडे जिला अध्यक्ष सिवनी और डॉ संतोष विश्वकर्मा प्रांतीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इनके अलावा सरपंच चंपालाल गौतम, प्रांतीय सह सचिव बांसुरी लाल पंदाम, जिला उपाध्यक्ष लखन लाल कोरे, ब्लॉक अध्यक्ष लांजी राजकुमार सोनवाने विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छन्नूलाल कोसरे ब्लॉक अध्यक्ष ने की। जयंती की शुरुआत में सर्वप्रथम मंदिर परिसर में हवन पूजन किया गया। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां



वक्ताओं ने बालाघाट और सिवनी जिले के संगठन को मजबूत बनाने के लिए और अधिक बेहतर प्रयास करने अपने सुझाव रखें। वरिष्ठ पदाधिकारी ने समाज में गलत धारणा के साथ जीवन यापन करने वाले लोगों का सामाजिक बहिष्कार करने की बात कही गई।

वक्ताओं ने कहा कि समाज में आज भी शिक्षा का स्तर संतोषजनक नहीं है हमें अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर ध्यान देना होगा। आधुनिकता के दौर में आज समाज का पैतृक व्यवसाय प्रभावित हो रहा है तो हमें भी आधुनिकता के साथ अपने व्यवसाय को जीवित रखना होगा। समाज में अब महिलाओं की भूमिका भी तय करनी होगी क्योंकि पुरुष के साथ महिला कंधे से कंधा मिलाकर चल तभी समाज को नई दिशा मिल पाएगी। स्मोक पर गोविंद विश्वकर्मा, भरत लाल कोसरे, सालिक राम मेश्राम, घनश्याम कोसरे, सुरेंद्र सोनवाने, चंद्रभान उके, रमेश पंदाम, मूलचंद बागडे, कार्तिक श्याम बावने, भागचंद बागडे, मोरेश मेश्राम, फिरोज बागडे, रंगलाल सोनवाने, मालन बाई पंदाम, पुष्पा विश्वकर्मा, पूरना बाई उके, मनीषा बागडे, उमा पंदाम, सपना ओमकार, दुर्गा मेश्राम, कल्पना मेश्राम, अनीता सोनवाने, प्रमिला उके, dदेवराज कोसरे, बलदेव बावने, सेवक राम मेश्राम, इंद्र कला बाई बावने, माला बाई कोसरे, किरण बाई कोसरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।